# <u>प्रेस नोट दिनांक 05.05.2025</u>
# <u>थाना इज्जतनगर जनपद बरेली।</u>

**<u>थाना इज्जतनगर #bareillypolice द्वारा लूट/छिनैती करने वाले दो शातिर अभियुक्तों को दौराने पुलिस मुठभेड़ घायल अवस्था में किया गिरफ्तार, कब्जे से 02 तमंचे 315 बोर, 03 जिन्दा कारतूस व 04 खोखा कारतूस 315 बोर व लूट/छिनैती का मंगलसूत्र बरामद।</u>**

जनपद बरेली में लूट/चोरी/नकबजनी/छिनैती की घटनाओं पर अंकुश लगाने व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक इज्जतनगर मय थाना पुलिस टीम द्वारा दिनांक 05.05.2025 समय रात्रि करीब 02.00 बजे चेकिंग के दौरान सहारा ग्राऊण्ड से 02 अभियुक्तों 1.गनी खान पुत्र महमूद अली निवासी दीवान खाना शाहाबाद कोहाडापीर थाना प्रेमनगर जिला बरेली 2.फरमान पुत्र नजम खान निवासी म0नं0 438 कोहाडापीर थाना प्रेमनगर जिला बरेली को पुलिस मुठभेड के दौरान 02 अदद तमन्चे 315 बोर, 03 जिन्दा कारतूस व 04 खोखा कारतूस 315 बोर व लूटा हुआ मंगलसूत्र के साथ गिरफ्तार किया गया है। पुलिस द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में दोनों अभियुक्त गोली लगने से घायल हुये हैं। उक्त पुलिस मुठभेड के दौरान उ0नि0 श्री संजय व का0 1054 राजेश कुमार भी घायल हुए है। घायल अभियुक्त एवं पुलिसकर्मियों को प्राथमिक उपचार हेतु जिला अस्पताल बरेली भेजा गया है। गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना इज्जतनगर पर मु0अ0सं0 394/25 धारा 109/351(2)/352/317(2) बीएनएस व धारा 3/25/27 आयुध अधिनियम पंजीकृत किया गया। **अभियुक्तों से बरामद मंगलसूत्र थाना इज्जतनगर पर पंजीकृत मु0अ0सं0 383/25 धारा 304 बीएनएस से संबंधित है।** अभियुक्तों ने जनपद बरेली के थाना क्योलडिया व हाफिजगंज में भी लूट व छिनैती की घटना करना स्वीकार किया है जिसके संबंध में संबंधित थानों द्वारा आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>घटनाक्रमः-</u>** दिनांक 05.05.25 की रात्रि में दौराने वाहन चेकिंग दो स्कूटी सवार व्यक्तियों को रोकने का प्रयास किया तो उक्त दोनों व्यक्ति पुलिस को देखकर नहीं रुके बल्कि सहारा ग्राउन्ड में छुपने का प्रयास करने लगे, जिनको पुलिस पार्टी द्वारा तलाशा गया, तो उक्त दोनों व्यक्तियों द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर किया गया। पुलिस टीम द्वारा जबाबी आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में दोनों अभियुक्त घायल अवस्था में मय तमन्चा-कारतूस व लूटे हुये मंगल सूत्र सहित गिरफ्तार किये गये हैं।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्तः-</u>**
1.गनी खान पुत्र महमूद अली निवासी दीवान खाना शाहाबाद कोहाडा पीर थाना प्रेमनगर जिला बरेली।(घायल)
2.फरमान पुत्र नजम खान निवासी म0नं0 438 कोहाडा पीर थाना प्रेमनगर जिला बरेली।(घायल)

**<u>बरामदगीः-</u>** 02 तमंचे 315 बोर, 03 जिन्दा कारतूस, 04 खोखा कारतूस 315 बोर, 705 रूपये नगद, एक मोबाइल फोन ONE PLUS , एक अदद लूटा गया मंगलसूत्र , एक स्कूटी नं0 UP25ED1442

**<u>आपराधिक इतिहासः-</u> अभियुक्त- गनी खान**
1.मु0अ0सं0 383/25 धारा 304 बीएनएस थाना इज्जतनगर जनपद बरेली।
2.मु0अ0सं0 132/25 धारा 115(2), 324(4), 333, 351(2), 352 बीएनएस थाना प्रेमनगर जिला बरेली।
3.मु0अ0सं0 633/23 धारा 379/411 भादवि थाना भोजीपुरा जिला बरेली।
4.मु0अ0सं0 394/25 धारा 109/351(2)/352/317(2) बीएनएस व धारा 3/25/27 आयुध अधिनियम थाना इज्जतनगर जनपद बरेली।
**अभियुक्तः-फरमान-**
1.मु0अ0सं0 383/25 धारा 304 बीएनएस थाना इज्जतनगर जनपद बरेली।
2.मु0अ0सं0 394/25 धारा 109/351(2)/352/317(2) बीएनएस व धारा 3/25/27 आयुध अधिनियम थाना इज्जतनगर जनपद बरेली।

**<u>गिरफ्तार करने वाली टीमः-</u>**
1.प्रभारी निरीक्षक श्री बिजेन्द्र सिंह थाना इज्जतनगर बरेली ।
2.व0उ0नि0 श्री जावेद अली थाना इज्जतनगर बरेली ।
3.उ0नि0 श्रीसंजय कुमार थाना इज्जतनगर बरेली।
4.उ0नि0 श्रीशिव कुमार मिश्रथाना इज्जतनगर बरेली ।
5.हे0का0 38 धर्मेन्द्र अवस्थी थाना इज्जतनगर जनपद बरेली
6.हे0कां0 426 मो0 कामिल थाना इज्जतनगर जनपद बरेली ।
7.हे0कां0 654 दिनेश थाना इज्जतनगर जनपद बरेली ।
8.हे0कां0 266 विपुल कुमार थाना इज्जतनगर बरेली ।
9.हे0कां0 39 इन्द्रजीत थाना इज्जतनगर बरेली ।
10.कां0 218 अनुराग तिवारी थाना इज्जतनगर जनपद बरेली ।
11.कां0 216 विशाल थाना इज्जतनगर बरेली ।
12.का0 1054 राजेश थाना इज्जतनगर बरेली।
13.कां0 2829 निशू तिवारी थाना इज्जतनगर जनपद बरेली ।